# Page Three

## Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous

Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# गर्भवती महिलाओं को नार्मल प्रसव कराने में 108 बनी मददगार

**सराहना**

## सफल प्रसव कराने वाले इमटी दीपक व चालक विजेन्द्र के प्रयासों की जमकर हुई सराहना

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट**

पिथौरागढ़। सीमांत जनपद की डीडीहाट तहसील की गर्भवती महिलाओं को विषम परिस्थितियों में नार्मल प्रसव कराने के लिए 108 एंबुलेंस सेवा मददगार साबित हुई। बता दें कि सीमांत तहसल डीडीहाट के अर्न्तगत प्रसव के लिए 108 चिकित्सा वाहन से अस्पताल लाई जा रही दो महिलाओं ने इमटी दीपक व चालक विजेन्द्र के सफल प्रयासों से वाहन के भीतर स्वस्थ शिशुओं को जन्म दिया। इन दोनों महिलाओं को सफल प्रसव कराने वाले इमटी दीपक व चालक विजेन्द्र के द्वारा दोनों महिलाओं को सफल प्रसव कराने पर इलाके के ग्रमीणों ने हार्दिक आभार जताया है।

ग्रमीण क्षेत्रों में वर्तमान में 108 चिकित्सा वाहन के सहयोग से सफल प्रसव कराये जाने पर गांव के ग्रमीणों ने अब इस चिकित्सा वाहन की मिली मदद को क्षेत्र के ग्रमीण गर्भवती प्रसव पीड़ित महिलाओं के लिए किसी वरदान से कम नही समझ रहे है। जानकारी के मुताबिक तहसील मुख्यालय से लगभग अठारह किमी दूर सिंगाली भागीचौरा क्षेत्र के सूनाकोट गांव से 108 चिकित्सा वाहन को हेमा देवी पत्नी संजय सिह के प्रसव पीड़ा में होने की जैसे ही काल आई। मौके पर डीडीहाट से चिकित्सा वाहन 108 सूनाकोट को भेजा गया। बता दें कि गर्भवती को प्रसव पीड़ा काफी तेज थी। उसे डीडीहाट सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र में लाये जाने के प्रयास किये जाते मगर गर्भवती महिला की हालत काफी नाजुक देखते हुए इमटी दीपक व 108 के वाहन चालक ने अपनी सूझबूझ से वाहन को सड़क के किनारे रोककर वाहन में ही इस महिला को सफल प्रसव कराया। महिला ने देर सांय स्वस्थ शिशु को जन्म दिया है। जच्चा व बच्चा को डीडीहाट के सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र में भर्ती कर दिया गया है।



वही दूसरा मामला डीडीहाट से जुडा हुआ है। आधे घंटे के भीतर ओगला और चर्मा के बीच दूसरी महिला के गर्भ में बच्चा उल्टा होने के बाद चिकित्सा वाहन में स्वस्थ बच्चे को जन्म दिये जाने के बाद 108 के दोनों कर्मियों के प्रयासों की जमकर सराहना हुई। इस महिला को जिला महिला अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है। जिले के पर्वतीय क्षेत्रों में 108 चिकित्सा वाहन आज तक विषम परिस्थितियों में भी अपनी मदद देने के लिए ग्रमीण क्षेत्रों की गर्भवती महिलाओं के लिए हर ओर से मददगार साबित होते दिख रही है। चिकित्सा कर्मियों के प्रयासों से क्षेत्र के ग्रमीण गर्भवती महिलाओ को भरसक मदद भी दी जा रही है।

## न्यूज डायरी

### किशोर ने लगाया अनुसूचित जाति की उपेक्षा व सौतेले व्यवहार का आरोप

**संवाददाता** देहरादून। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष किशोर उपाध्याय ने प्रदेश सरकार पर अनुसूचित जाति की उपेक्षा और सौतेले व्यवहार तथा अनुसूचित जाति के छात्र–छात्राओं के उत्पीड़न और अनदेखी का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की अनदेखी को सहन नहीं किया जायेगा। उन्होंने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को प्रेषित पत्र में उपाध्याय ने लिखा है कि उत्तराखंड में जहां अनुसूचित जाति की आबादी काफी है और इस समुदाय का बहुत छोटा सा हिस्सा ही उच्च शिक्षा प्राप्त कर पाता है, क्योंकि गांव में इस तरह की शिक्षा की समुचित व्यवस्था नहीं है, इसलिए दूरदराज से आने वाले इस समुदाय के बच्चों को उच्च शिक्षा हासिल करने के लिए मुख्य रूप से जिला मुख्यालय स्थित डिग्री कॉलेजों का रुख करना पड़ता है, लेकिन जाति इन शहरों में भी उनका पीछा नहीं छोड़ती और कमोबेश साधनहीन यह बच्चे अपनी जात के कारण किराए पर कमरा पाने में असमर्थ रहते हैं।

### राहुल,प्रियंका से बदसलूकी,प्रर्दशन कर कांग्रेसियों ने फूंका पुतला

**संवाददाता** पुरोला। हाथरस रेप कांड के विरोध में पहाड़ मैं भी भारी गुस्सा हैं वहीं गुरूवार को पीडिता के परिजनों को मिलनें जा रहे राहुल व प्रियंका गांधी के साथ पुलिस की अभद्रता के खिलाफ कांग्रेसियों ने जताया भारी आक्रोश है। पुरोला,मोरी में कांग्रेसियों ने दोषियों को फांसी की सजा दिलाये जाने,राहुल गांधी,प्रियंका गांधी के साथ अभद्रता करनें वाले पुलिस कर्मियों पर कार्यवाही करनें की मांग को लेकर आक्रोश व्यक्त कर बाजार में जुलूस प्रर्दशन कर,दोषियों को फांसी दो की मांग नारेबाजी कर मुख्य बाजार तिराहे पर उतर प्रदेश सरकार का पूतला फूंका।

### सामाजिक कार्यकर्ता मनीष गौनियाल ने सुनी लोगों की समस्यायें

**संवाददाता** देहरादून। सामाजिक कार्यकर्ता पंडित मनीष गौनियाल ने मसूरी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत कालीदास रोड व डोभालवाला क्षेत्र के लोगों की समस्या सुनी और उनके समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि लगातार क्षेत्रीय विधायक घोषणायें करते आ रहे है लेकिन धरातल में किसी भी प्रकार का कोई कार्य दिखाई नहीं दे रहा है। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता पंडित मनीष गौनियाल ने कहा है कि यहां पर पिछले काफी समय से रोड व नालियां क्षतिग्रस्त है आए दिन यहां दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है, लेकिन क्षेत्रीय विधायक इस ओर ध्यान नहीं दे रहे है जो चिंता का विषय है। सडकों पर गढढे हो गये है और जो दुर्घटनाओं को आमंत्रण दे रहे है।

## कुमाउं मंडल के तत्वाधान में आयोजित रीवर राफ्टिंग का लुत्फ उठाते छात्र–छात्राएं

**संवाददाता** पिथौरागढ़। जिले के कुमाउं मंडल विकास निगम द्वारा र्प्यटन दिवस से लेकर शुरू किया गया सात दिवसीय रिवर राफटिंग का आयोजन जारी है। सातवें दिन घाट से चमगाड तक जिले के छात्र छात्राओं ने बीते शनिवार को रिवर राफ्टिंग का जमकर आनन्द लिया। कार्यक्रम के दौरान केमीवीएन के प्रबंधक दिनेश गुरूरानी ने स्थानीय घाट संगम पर जाकर जिले के छात्र छात्राओं को हरी झंडी दिखाकर राफ्टिंग का उदघाटन किया। उन्होने इसके माध्यम जिले के छात्र छात्राओं को हिमालय बचाओं का भी संकल्प दिया। छात्र–छात्राओं को साहसिक गतिविधि से भी रूबरू होने का अवसर प्रदान किया। छात्र छात्राओं को योगासन व प्रणायाम की जानकारी भी दी। आगे भविष्य में भी ऐसे आयोजन को आयेजित कराये जाने का भरोसा भी दिलाया। इस दौरान तमाम कर्मचारी गण मौजूद रहे। कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले छात्र–छात्राओं ने इस आयोजन की जमकर सराहना करते हुए आनंद भी उठाया।



# शीशमबाडा कूडाघर पर महासंग्राम क्षेत्रवासियों ने माथे पर बांधी काली पट्टी

**संवाददाता**

देहरादून। पछवादून बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले शीशम बाड़ा कूड़ा घर को हटाये जाने के लिए महासंग्राम शुरू हो गया है और कूडाघर के सामने गोष्ठी का आयोजन किया जाना था लेकिन राज्य सरकार व क्षेत्रीय विधायक के दवाब में गोष्ठी नहीं किये जाने पर क्षेत्रवासियों ने काला दिवस मनाते हुए 3 अक्टूबर 2016 को मोहम्मद इस्लाम नामक के व्यक्ति की लाठीचार्ज में मृत्यु हो जाने पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और शीशमबाडा कूडा धर को स्थानातरित न किये जाने पर माथे में काली पटटी बांधकर विरोध दर्ज किया और मृतक मौहम्मद

**सरकार व विधायक के दवाब में पुलिस ने गोष्ठी करने से किया मना**

इस्लाम को शहीद का दर्जा दिये जाने की मांग सरकार से की गई। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष आजाद अली ने कहा कि शीशमबाडा कूडाघर के पास गोष्ठी व श्रद्धांजलि देने का कार्यक्रम था।

उन्होंने कहा कि 3 अक्टूबर 2016 के दिन हुए अत्याचार को लेकर विधानसभा सहसपुर को जिस तरीके से कलंकित कर चीर हरण किया गया था और उसके विरोध में आज के दिन को काला दिवस के रूप में मनाया जाना था और समिति द्वारा कार्यक्रम के लिए जिलाधिकारी व उप जिलाधिकारी विकासनगर को बीते रोज कार्यक्रम के लिए जानकारी दे दी गई थी वह एलआईयू द्वारा कल कार्यक्रम को सोशल डिस्टेंसिंग के तहत करने के लिए भी सहमति बन गई थी परंतु राज्य सरकार व क्षेत्रीय विधायक के दबाव में सेलाकुई थाना, प्रेम नगर थाना और सहसपुर थाना की पुलिस द्वारा गोष्ठी कार्यक्रम को होने नहीं दिया गया जिसकी व्यापक स्तर पर निंदा की गई।

उन्होंने कहा कि पछवादून बचाओ संघर्ष समिति के पदाधिकारियों द्वारा माथे पर काली पट्टी बांधकर काला दिवस के रूप में मनाया गया। समिति के अध्यक्ष आजाद अली ने बताया जल्द ही बैठक का आयोजन कर इस कूड़ेदान को हटाने के लिए प्रस्ताव पारित किया जाएगा।

## पुलिस ने चोर को दबोचा,गैस सिलेंडर व 600 रूपया किया बरामद

**संवाददाता** पुरोला। थाना पुरोला पुलिस ने तत्वरित कार्रवाई करते हुए चोरी की घटना का 24घंटे के अंदर खुलासा कर चोरी के सामान व नगदी बरामद कर चोर को गिरफ्तार कर लिया,जिस पर पुलिस अधीक्षक पंकज भट्ट ने पुलिस टीम को 1000 रूपये नगद इनाम देने की घोषणा की। थानाध्यक्ष प्रदीप सिंह तोमर ने बताया कि शुक्रवार को मोरी नानाई हाल निवासी पुरोला के एक होटल में कारीगरी का काम करनें वाले विजय सिंह ने नगरवार्ड नंबर 4 दिनेश कुमार के घर से एक गैस सिलेंडर,6 सौ रूपये नगद चोरी कर लिया।

पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर 24 घंटे के अंदर घटना का खुलासा करते हुए, शनिवार सुबह चोरी का गैस सिलेंडर व 600 रूपये नगद बरामद कर चोर को गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज कर लिया। थानाध्यक्ष प्रदीप तोमर ने बताया कि 24 घंटें में चोरी का तत्वरित खुलासा करनें पर कप्तान पंकज भट्ट ने एसआई शशी,भावना कांस्टेबल प्रेम,अरूण,रोशन पुलिस टीम को एक हजार रुपए नगद ईनाम देने की घोषणा की है।